Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007
Participants : Selvi Smt. V. Radhika,Kerketta Ms. Sushila,Pandey Dr. Laxminarayan,Rani Smt. K.,Virendra Kumar Shri ,Jalappa Shri R.L.,Mandal Shri Sanat Kumar,Babu Rao Shri Mediyam,Francis George Shri K.,Kathiria Dr. Vallabhbhai,Ahir Shri Hansraj Gangaram,Rijiju Shri Kiren,Pateriya Smt. Neeta,Ravindran Shri Pannian,Wangyuh Shri W.,Singh Shri Ganesh,Sonowal Shri Sarbananda,Annayyagari Shri Sai Prathap,Mahto Shri Tek Lal,Siddeswara Shri G.M.,Sangwan Shri Kishan Singh,Paul Dr. Sebastian,Yerrannaidu Shri Kinjarapu,Dasgupta Shri Gurudas,Nambadan Shri Lonappan,Jai Parkash Shri ,Tripathi Shri Chandramani,Bhagora Shri Mahaveer,Veerendra Kumar Shri M. P.,Mahtab Shri Bhartruhari,Singh Ch. Lal,Vallabbhaneni Shri Balashowry,Singh Smt. Pratibha,Bwiswmuthiary Shri Sansuma Khunggur,Thangka Balu Shri K.V.,Chanabasappa Shri Angadi Suresh,Moghe Shri Krishna Murari,Barman Shri Basudeb,Majhi Shri Shankhlal,Hamza Shri T.K.,Gao Shri Tapir,Khanna Shri Avinash Rai,Chaure Shri Bapu Hari,Meinya Dr. Thokchom,Jindal Shri Naveen,Channappa Shri Kunnur Manjunath,Yadav Shri Ram Kripal,Sharma Dr. Arvind,Suklabaidya Shri Lalit Mohan,Reddy Shri Karunakara G.,Manoj Dr. K.S.,Naik Shri Shripad Yasso,Bishnoi Shri Jaswant Singh,C.S. Sujatha Smt. ,Singh Shri Lakshman,Munshiram Shri ,Mallikarjunaiah Shri S.,McLeod Smt. Smt. Ingrid,Yadav Shri Anirudh Prasad (Sadhu),Dhillon Shri Sharanjit Singh,Ramadass Prof. M.,Hooda Mr. Deepender Singh,Varma Shri Ratilal Kalidas,Satheedevi Smt. P.,Patil Shri Balasaheb Vikhe,Solanki Shri Bhupendrasinh,Chhatwal Shri Sartaj Singh,Prasad Shri Hari Kewal,Ravichandran Shri A.,Thomas Shri P.C.,Lakshmi Botcha Smt. Jhansi,Athawale Shri Ramdas

>

Title: Discussion on the Budget (General) for 2007-08, Demands for Grants in respect of Budget(General) for 2007-08 and Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General) for 2006-07 (Not concluded).

MR. SPEAKER: Now, we will take up the important business of the day, that is further discussion on the General Budget.

Shri Lakshman Singh to continue.

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : अध्यक्ष महोदय, जो नेशनल हाईवे डेवलपमेंट प्रोग्राम चल रहा है, उसमें वित्त मंत्री जी ने आवंटन बढ़ाया है, यह अच्छी बात है, लेकिन उसमें कई विसंगतियां हैं। मैं पायनियर में आया हुआ 14 नवम्बर, 2006 का एक लेख आपकी अमुमति से पढ़ना चाहूंगा -

> "With two power-packed bodies, like the Ministry of Road Transport and Highways as well as the National Highway Development Authority at loggerheads with the Planning Commission officials, the work of more than 3,000 kms. of highway, which constitutes the second phase of NHDP has been stalled since January, 2005."

Further, it says:

> "Further, what is inexplicable, much less pardonable, is holding hostage a project as vital as the NHDP on the grounds of failure to satisfy individual egos."

Please take note of the last two words, "individual egos".

अध्यक्ष महोदय, किसी मंत्री के अहंकार से एन.एच.डी.पी. कार्यक्रम नहीं चलेगा। मैं श्री टी.आर. बालू का बहुत आदर करता हूं, लेकिन बालू जी जहां चाहें, वहां सड़कें बनें, जो चाहें करें, यह ठीक नहीं है। वे कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने के कारण सरकार में हैं, लेकिन जब चाहें सरकार न चलने दें, जब चाहें पार्लियामेंट रोक दें, यह ठीक नहीं है। नैशनल हाइवे डैवलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत जहां 4 लेने के एक्सप्रैस हाइवे बने हैं वे 6 लेन के किए जा रहे हैं, लेकिन राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3, जिसमें बहुत ज्यादा गड्ढे हैं वहां कोई काम नहीं किया जा रहा हूं। मैं बालू जी को आमंत्रित करता हूं कि वे मेरे साथ आएं और गुना से इन्दौर तक की यात्रा करें और गड्ढे गिनें कि कितने गड्ढे हैं। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि वह सबसे पुराना और महत्वपूर्ण राजमार्ग है। इसलिए उसकी 4 लेनिंग का काम तत्काल शुरू किया जाए।

MR. SPEAKER: You have taken 15 minutes.

SHRI LAKSHMAN SINGH : I will finish my speech within five minutes.

अध्यक्ष महोदय, जहां तक पॉवर सैक्टर का प्रश्न है, उसके संबंध में सरकार ने बहुत चिन्ता जताई है, अच्छी बात है। हमारा पिछला सत्र दिसम्बर में हुआ था। उसमें ऊर्जा मंत्री जी ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया था कि 11वीं पंचवर्ीय योजना में ऊर्जा की कैपेसिटी में 46,400 मैगावाट का एडीशन किया जा रहा है। उसमें से 17,100 हाइड्रो, 46,100 थर्मल और 3,200 मैगावाट न्यूक्लियर जनरेशन है। न्यूक्लियर जनरेशन के संबंध में अमरीका के साथ भारत की संधि हुई है। न्यूक्लियर इनर्जी क्लीन इनर्जी है। इसकी जनरेशन में प्रदूाण कम होता है। जब आपने अमरीका से संधि की है, तो आपको इसकी जनरेशन को बढ़ाना चाहिए। जब आप इनर्जी में टोटल 46,400 मैगावट कैपेसिटी एडीशन करने जा रहे हैं, तो न्यूक्लियर इनर्जी में केवल 3,200 मैगावाट क्यों, इसे ज्यादा होना चाहिए? जब आपने अमरीका से संधि की है, तो इसका जनरेशन बढ़ना चाहिए। आप न्यूक्लियर इनर्जी के वेस्ट का डिस्पोजल कहां करेंगे, कैसे करेंगे, इस बारे में किसी को पता नहीं है। यह बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। आज तक हम लोगों को पता नहीं है कि न्यूक्लियर वेस्ट का डिस्पोजल आप कहां करने जा रहे हैं?

महोदय, स्वास्थ्य के बारे में एक ऑक्सफैम रिपोर्ट आई है। यह रिपोर्ट वर्ा 2006 में आई तब तक आपकी सरकार को चलते हुए दो-ढाई साल हो चुके हैं। आपने स्वास्थ्य विभाग के लिए बजट बढ़ाया है, चिन्ता दिखाई है, बहुत सारे कार्यक्रम चलाए हैं, यह अच्छी बात है। उन कार्यक्रमों की जो समीक्षा होनी चाहिए, वह सही नहीं है और इसीलिए ऑक्सफैम रिपोर्ट में लिखा है कि -

An Oxfam report *Serve the Essentials* released today, - in October, 2006 - highlighting lack of access to education, health, water and sanitation called on all South Asian Governments to step up their financial and political commitments to provide these essential services. It says:

> "Without strong Government participation, there will be no development of essential services," said Ben Philips, Oxfam's acting regional director.
>
> Oxfam listed positive developments in the countries and said they presented an example to be followed by others. The report singled out Sri Lanka as an example of a developing country that has achieved universal free schooling, drastically reduced infant mortality rates and boosted life expectancy to levels comparable to developed countries…

हम कहां पिछड़ रहे हैं,

> Other problems in India were identified as 70 per cent of the population lacking access to toilets, 170 million people with no clean drinking water and a primary school, dropout rate of 38 per cent, according to Oxfam and UN figures."

These need to be tackled.

महोदय, सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत मंत्री जी ने बहुत धनराशि की व्यवस्था की है, लेकिन उसका जो परिणाम आना चाहिए, जो क्वालिटी ऑफ एजूकेशन होनी चाहिए, वह नहीं हो रही है। एक सर्वेक्षण के अनुसार 38 प्रतिशत बच्चे जो 4 साल तक स्कूल में गए, वे एक शॉर्ट पैराग्राफ नहीं पढ़ सकते हैं। उन्हें पढ़ने में बराबर परेशानी होती है। इन 38 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं जो 3 अंकों में एक अंक का भाग नहीं दे सकते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। इसे देखने की आवश्यकता है।

महोदय, मंत्री जी ने अपने बजट भााण में क्लाइमेटिक चेंज के बारे में चिन्ता व्यक्त की है, अच्छी बात है, लेकिन क्या हम क्योटो प्रोटोकौल पर साइन करने जा रहे हैं? य[r13]दि हम क्योटो संधि पर हस्ताक्षर करते हैं, तो जो हमारी नॉन-कन्वेंशनल इनर्जी का जरनेशन है, उसे हम बढ़ा सकते हैं क्योंकि इस संधि पर हस्ताक्षर करने वाले देश चीप इनर्जी जनरेशन की टैक्नोलौजी को एक से दूसरे देश में ट्रांसफर कर सकते हैं जिससे हमारी नॉन-कन्वेंशनल इनर्जी का जनरेशन बढ़ेगा और विद्युत समस्या हल होगी। हमारे देश में अभी भी ऊर्जा की सप्लाई एंड डिमांड में काफी गैप है। [r14]

अंत में मैं कहना चाहता हूं कि आप हमेशा प्रोजेक्टस के बारे में राज्यों से कहते हैं कि राशि के अभाव में प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सकते हैं, राज्य को राशि नहीं दे सकते हैं, क्योंकि पैसे की कमी है। लेकिन आपने 57,862 करोड़ रूपये बड़े-बड़े उद्योग घरानों का माफ कर दिया है, जब आपके पास राशि की कमी थी, तब आपने 57,862 करोड़ रूपये को क्यों माफ किया? इस राशि को माफ करने की क्या आवश्यकता थी? यह राशि हमारी जीडीपी की 1.9 प्रतिशत है। एक तरफ तो हम करते हैं कि हमारी जीडीपी बढ़नी चाहिए और दूसरी तरफ 1.9 प्रतिशत जीडीपी का आप एक कलम से बड़े-बड़े उद्योग घरानों का माफ कर देते हैं, यह अच्छी बात नहीं है। इस बारे में वाम पंथी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा है। पीपल्स डेमोक्रेटिक अखबार में ए.बी. वर्द्धन जी और करात जी के पत्र प्रकाशित हुए, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जी को लिखकर इस बारे में चिन्ता व्यक्त की है। मेरा आपसे निवेदन है कि इन सब बातों पर आप ध्यान दें और धरातल पर रहकर सरकार चलाइए।

अध्यक्ष महोदय, मैं इस बजट का समर्थन भी करता हूं और विरोध भी करता हूं और आशा करता हूं कि जो सुझाव माननीय सांसदों ने दिए हैं, उन पर वित्त मंत्री जी गम्भीरता से विचार करेंगे।

MS. INGRID MCLEOD (NOMINATED): Mr. Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on the General Budget for the year 2007-08.

The last three years have witnessed tremendous growth in the Indian economy. The progress in the Indian economy is substantiated by present growth figures in manufacturing at 11.3 per cent and services sector at 11.2 per cent.

The dream of India riding piggy back on a booming economy to become a reckoning world power can only be true with boosting education, healthcare, agriculture and youth affairs.

The Finance Minister has done well to consider the growth target for the 10th Plan at 8 per cent in his efforts to place India on the fast track to economic development. I speak in the context of social development. Benefits to the common man in a modern day economy can be conceptualized by the saying, "The greater good of the greater number". I am sure that the hon. Finance Minister was very conscious of this famous line while planning the present Budget. By forcing open new avenues in the fields of education, healthcare, agriculture and youth affairs, the hon. Finance Minister has put the already pulsating economy through even greater dimensions.

The hon. Finance Minister needs to examine the factors that will necessarily generate employment for women. The allocation for 30 per cent women-specific schemes is Rs. 22,382 crore. I consider this amount a meager contribution to women's development.

Sir, the number of girls and young women joining the sex trade, dancing bar girls and other immoral trades is fast increasing. This is a serious deviation from Indian social and cultural values. This is an area of concern and really this is what I am concerned about. I suggest that the hon. Finance Minister set up a separate fund to provide alternate employment for such women so that they can lead better and moral lives.

The increase of allocation for school education by 35 per cent and its wise distribution over various heads related to school education is a welcome step on the footpath to development. The scope provided by including primary school going children in the Mid-Day Meals Scheme is enormous by any standard. I also commend the steps taken to provide mid-day meals to upper primary school going children in 3,427 educationally backward blocks.

The creation of a corpus fund of Rs. 750 crore to cover a bold and far-reaching scheme, to award one lakh scholarships for higher secondary school students will give relief from the financial burden borne by parents of illustrious children.

Sir, may I suggest that the Finance Minister consider allocation of funds to target meaningful education to rehabilitated child labourers. As you know, banning child labour was an important issue for our hon. Prime Minister. [R15]

12.40 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

S[r16]ir, if education means wakefulness, then healthcare means well being and a modern economy must include both. The concern in the UPA Government for health and well being of the people is reflected by measures adopted under various schemes of National Rural Health Mission, National AIDS Control Programme, ICDS and health insurance.

Sir, the hon. Finance Minister has mentioned coal in his Budget Speech. The hon. Finance Minister has not mentioned any specific benefit accruing from the allotment of coal blocks. Although, the reserves of 8,581 million tonnes of coal and 755 million tonnes of lignite have been allotted, no mention has been made of specific time periods or of volumes in supply. If optimum production is not considered in a specific time period then it will amount to hoarding of stocks of coal and lignite.

Regarding end users of coal and lignite, let me mention that in the year 2005, there were reports that 590 companies who were supplied coal were bogus end users. The contention that 'specified end use will be enlarged' may only serve to enlarge the list of bogus end users with coal linkages.

Sir, I may make a special mention of the bold and humanitarian efforts of the hon. Finance Minister to reach out to pregnant women, lactating mothers and infants in rural areas. They are so much in need of nutrition and proper care. I have worked among such people in Chhatisgarh and I am very much aware of their pitiable conditions. I thank the hon. Finance Minister for increasing the allocation for ICDS from Rs.4,087 crore to Rs.4,761 crore this year.

Sir, to sum up this Budget, let me state that it has strengthened the backbone of the economy. The farmers and the youth are the backbone of our country. The UPA Government has provided them with much needed support, with considerable allocation for development in areas like enhanced production of pulses, increase in rain fed areas, insurance and subsidies. I must mention that the schemes for the youth will bring much needed hope and a brighter future. Those young men and women can thank the UPA Government for being sensitive to their needs.

With this, I support this Budget.

SHRIMATI V. RADHIKA SELVI (TIRUCHENDUR): Sir, thank you very much for giving me an opportunity to participate in the General Budget 2007-08.

I thank our beloved Leader, chief Minister of Tamil Nadu, hon. Dr. Kalingar and Tamil Nadu's Jupiter, our Talapathi M.K. Stalin, Minister of Rural Development and Local Administration, Tamil Nadu.

Sir, to develop country's economy, people's literacy should improve. Having this in mind, our hon. Finance Minister has allotted more funds for education. The Sarva Shiksha Abhiyan and the Mid-day Meal Scheme has been increased to Rs.23,142 crore, that is, by 35 per cent. The Mid-day Meal Scheme has been extended to upper primary class in 3,427 educationally backward blocks. There are two lakh new teachers to open five lakh new classrooms. These are very welcome steps taken by the Government.

Sir, the announcement of scholarship of Rs.6,000 for one lakh students who continue their education from Ninth to Twelfth standard is a revolutionary step. It prevents the dropout of students in the villages. Our country's higher education percentage is below ten per cent. Therefore, I hope that this announcement will increase the literacy percentage and higher education percentage of our country.

Sir, I thank the hon. Finance Minister for allocating Rs.50 crore to Coimbatore Agriculture University. The hon. Finance Minister has increased the National Rural Employment Guarantee Scheme from 200 districts to 330 districts and also one lakh jobs for the physically challenged to be supported by the Government. The Government will also reimburse the contribution to ESI and EPF for the first three years. These are all very welcome measures taken by the Government.

Sir, tourism is growing in India and the Government of India has enhanced the allocation amount for tourism development. In my Tiruchandur constituency, Kanyakumari, which is in the southern tip of India and where we see the three seas converging, the famous Vivekananda Rock and the 133 feet Tiruvaluvar statues are [r17]present.

This tourist centre needs further improvement and I request to allocate liberal fund for the development of Kanyakumari.

Sir, a very special birds Sanctuary is in Kundan Kulam. Birds from many countries are coming to this place for breeding. This bird Sanctuary also needs our Government's funding for the development. I hope that the hon. Finance Minister will allocate suitable funds for the development of Kundan Kulam and Kanyakumari.

I would like to draw the kind attention of our Finance Minister to the income tax structure. In this Budget, the income tax limit is raised from Rs. 1 lakh to Rs. 1,10,000, which needs kind consideration. This may be increased to Rs. 1,45,000, and for women also it may be raised to Rs. 1,95,000 like for senior citizens.

Sir, our beloved leader, Tamil Nadu Chief Minister Dr. Kalaingar is giving colour TVs to all the families who are below poverty line so that they can improve their general knowledge. Similarly, the Central Government can give computers to students who are in ninth standard so that the

younger generation of India will have people with very good knowledge of computer.

With these words, I support this General Budget 2007-08 on behalf of DMK, and I conclude my speech.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : महोदय, आपने मुझे वर्ा 2007-08 के बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने आंकड़ों द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को इस तरह से दर्शाया है, जैसे भारतर्वा दुनिया का सबसे विकसित और आर्थिक दृटि से सबसे बड़ा देश बन गया है। उन्होंने आम-आदमी का इस बजट में कोई ख्याल नहीं रखा है। आंकड़ों को देखकर ऐसा लगता है कि चंद लोगों के लिए ही बजट में प्रावधान किया है। वित्त मंत्री जी ने बताया कि तीन सालों में जीडीपी ग्रोथ 7.5 से बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो गयी है। एवरेज ग्रोथ रेट 8.6 प्रतिशत हो गयी है, मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ में 8.7 प्रतिशत से 11.3 तक बढ़ोत्तरी हुयी है, सर्विस सैक्टर में भी 9.6 से 11.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुयी है, पर कैपिटा इन्कम में 7.4 प्रतिशत बढ़ी है, एवरेज सेविंग रेट भी 32.4 प्रतिशत की दर से एक साल में बढ़ी है और इन्वेस्टमेंट रेट 38.8 प्रतिशत बढ़ी है। इन सभी क्षेत्रों में आपने बढ़ोत्तरी बतायी है। यह सुनकर बड़ा दुख होता है कि केवल एक कृाि क्षेत्र है, जिसकी एवरेज ग्रोथ एस्टीमेट केवल 2.3 प्रतिशत है। इसका टारगेट 4 प्रतिशत था, जबकि केवल 2.3 प्रतिशत ही एचीव हुआ। सभी सैक्टरों में आपने विकास दिखाया, लेकिन एग्रीकल्चर सैक्टर में डाउन फाल हुआ है। इसका क्या मतलब निकलता है? किस किस्म के लोगों के लिए पिछले बजट में प्रावधान किया गया था और अब क्या किया जा रहा है? पिछले साल जब बजट पेश हुआ, तब आपने बड़ी वाहवाही लूटी। आपने कहा कि किसानों के हित का बजट है। माननीय मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं, वे इस बात को क्लियर करें कि किस दृटि से वह किसानों का बजट था, जबकि कृाि की ग्रोथ रेट केवल 2.3 प्रतिशत ही हुयी। सभी सैक्टरों में यह दर बढ़ी है, लेकिन कृाि के क्षेत्र में दर के घटने से यह स्पट है कि गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ी है। [v18]

गांवों और शहरों की खाई बढ़ रही है। गांवों के किसानों और शहरों के लोगों की आमदनी में फर्क आ रहा है। इस बजट का सीधा संकेत यह जा रहा है। इस सदन में हर वर्ा किसानों की समस्याओं, किसानों की आत्महत्याओं और महंगाई के बारे में डिस्कशन होती है। सरकार की तरफ से बाकायदा आश्वासन मिलता है कि किसानों के लिए, गांवों के लोगों के लिए कार्य करेंगे, लेकिन सिर्फ कहने में ही हैं, प्रैक्टिकल रूप मे किसानों के लिए कुछ नहीं हो रहा है। मूल रूप से किसानों की चार बेसिक आवश्यकताएं हैं - पानी, बिजली, खाद, बीज, पेस्टीसाइड्स और उनकी उपज का लाभकारी मूल्य। यदि इन चीजों का हल हो जाए तो इस देश के किसान खुशहाल हो सकते हैं और जो सुसाइड्स के रोज केसेज आ रहे हैं, वह समाप्त हो सकते हैं। लेकिन इस बजट में इन चारों वियों पर कोई विशो ध्यान नहीं दिया गया है। पानी की काफी किल्लत है। अटल जी की सरकार में सभी नदियों को जोड़ने के लिए एक प्रोजैक्ट बनाया गया था। महामहिम राट्रपति जी ने भी किसी प्रैस कान्फ्रैंस या चिट्ठी द्वारा कहा था कि सभी नदियों को जोड़ने वाला प्रोजैक्ट इस देश के किसानों के लिए और इस देश की आर्थिक स्थिति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे फ्लड और सूखे की समस्या का समाधान हो सकता है। लेकिन इस सरकार ने उस प्रोजैक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पूरे देश में बिजली की समस्या लगातार चल रही है। किसानों और देश की बिजली की समस्या का कोई समाधान हो सके, इस बारे में बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया है। मिलावटी खाद, पेस्टिसाइड्स बाजार में सरेआम बिक रहे हैं। उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उसमें भी किसान लुट रहा है। जहां तक किसानों की उपज के भाव की बात है, किसानों को आज तक उनकी लागत के हिसाब से लाभकारी मूल्य नहीं मिले। मिनिमम सपोर्ट प्राइस का नाम दिया गया है ताकि किसान मर न जाए, सिर्फ जिन्दा रहे और वह ज्यादा साधन-सम्पन्न न हो जाए। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिले। जो लोग किसानों के भाव तय करते हैं, एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन, उसमें पचास प्रतिशत किसानों के नुमाइन्दे होने चाहिए, तभी किसानों को इंसाफ मिल सकेगा। जो लोग एयर कंडीशंड कोठियों में रहते हैं, उन्हें यह पता नहीं होता कि गेहूं का पेड़ या पौधा कितना लम्बा होता है। ऐसे लोग किसानों की किस्मत का फैसला करते हैं। देश को आजाद हुए 59 वर्ा हो गए हैं, लेकिन आज तक किसानों की उपज के मूल्य की समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं।

एक नया कौन्सैप्ट एसईजेड का आ गया है। पूरे देश में किसानों की लाखों एकड़ उपजाऊ जमीन ली जा रही है। यह कार्य बंजर भूमि पर भी हो सकता है। एक समय ऐसा आने वाला है जब कृाि लायक जमीन नहीं बचेगी। किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। भूमिहीन किसानों, मजदूरों के हितों के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके बारे में नौकरी का भी कोई प्रोवीजन नहीं किया जा रहा है कि जिन लोगों की जमीन ली जाएगी, उन्हें उसके बदले नौकरी दी जाएगी। खाद की सब्सिडी का बहुत ढिंढोरा पिटता है। जब से देश आजाद हुआ, किसानों को हजारों, करोड़ों रुपये खाद की सब्सिडी की शक्ल में दिए जा रहे हैं। नाम किसान का है लकिन सबसिडी इंडस्ट्रीज को दी जा रही है। एफआईसीसी नाम की संस्था जो खाद के रेट्स तय करती है, वह सीधा कारखानों को सबसिडी देती है। कारखाने वाले ज्यादा सब्सिडी लेने के लिए अपनी प्रोडक्शन की परसैंटेज ज्यादा बढ़ा देते हैं, कागजों में ज्यादा दिखा देते हैं और ज्यादा सबसिडी ले लेते हैं। लेकिन किसानों को उसका कोई बैनीफिट नहीं मिल रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि खाद की सब्सिडी सीधा किसानों को दी जाए, बीच में इंडस्ट्री वाले क्यों खा रहे हैं। अगर उन्हें सबसिडी दी जाएगी तो उन्हें ज्यादा लाभ होगा।

जहां तक जमीन एक्वीजिशन की बात है, पूरे देश में कहीं सड़कों के लिए और कहीं किसी चीज के लिए किसानों की जमीन एक्वायर की जा रही है। हमारे इलाके में राजीव गांधी इंस्टीट्यूट के नाम से बाइस सौ एकड़ जमीन एक्वायर हो रही है। इसके लिए किसानों को मुआवजा 15 से 16 लाख रुपये दिये जा रहे हैं जबकि आस-पास के भाव एक-दो करोड़ रुपये है क्योंकि यह दिल्ली के साथ लगता हुआ इलाका है। …(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश (हिसार): वहां मुआवजा 22 लाख रुपये दिया जा रहा है। …(व्यवधान)

श्री किशन सिंह सांगवान : आप 22 लाख रुपये ही मान लें। …(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश : देश में सबसे ज्यादा मुआवजा हरियाणा सरकार ने दिया है। जब आपकी एनडीए सरकार थी, उस समय केवल दो लाख रुपये ही मुआवजा दिया गया था। …(व्यवधान)

श्री किशन सिंह सांगवान : जहां आप 22-23 लाख रुपये मुआवजा दे रहे हैं वहां दो करोड़ रुपये एकड़ जमीन का भाव है। किसानों का एक्सप्लायटेशन हो रहा है। किसानों के साथ धोखा हो रहा है। …(व्यवधान) वहां हमारी सरकार कभी नहीं रही। वहां आपकी सरकार रही है। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : जय प्रकाश जी, आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

श्री किशन सिंह सांगवान : दो करोड़ रुपये के भाव पर अगर 22 लाख मुआवजा भी मिलता है तब भी वह कम है। हमारा आपसे अनुरोध है कि किसान की जमीन यदि किसी बात के लिए एक्वायर होती है, तो किसान को उस जमीन का एक्चुअल मार्केट रेट मिलना चाहिए। किसान के साथ एक्सप्लायटेशन नहीं होनी चाहिए।

दूसरा, किसानों का मुख्य स्रोत पशु धन है। वर्ा 1952 में एक हजार व्यक्ति के पीछे 452 पशु थे जबकि वर्ा 1992 में एक हजार व्यक्ति के पीछे 232 पशु ही रह गये। अब तो उनकी संख्या और भी घट गयी होगी। पशुधन वाला स्रोत भी किसानों का समाप्त हो रहा है इसलिए उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। वैसे भी किसान कर्जे के बोझ से लदा हुआ है। आपने इस बजट में कहा कि हम किसानों को और ज्यादा कर्जा देंगे। हमारा कहना है कि कर्जा देकर किसानों की स्थिति सुधारी नहीं जा सकती। जब तक उसे सपोर्ट प्राइज नहीं मिलेगा, प्रॉफिट का प्राइज नहीं मिलेगा, आप कर्जा देते रहो, वह दबता चला जायेगा। यह किसानों की समस्या का कोई परमानेंट सॉल्यूशन नहीं है। …(व्यवधान) पिछले साल देश में कोई नेचुरल कैलामिटी भी नहीं आयी, उसके बावजूद भी कृाि की विकास दर घट गयी। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप अपना भााण समाप्त करिये क्योंकि आपकी पार्टी से बहुत माननीय सदस्य बोलने वाले हैं।

श्री किशन सिंह सांगवान : मैंने अभी पांच मिनट ही लिये हैं।

सभापति महोदय: मेरे पास 20 आदमियों की लिस्ट है इसलिए आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री किशन सिंह सांगवान : मैं दो-चार प्वाइंट कहकर अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। देश में पिछड़ी जातियों का बहुत बड़ा वर्ग है जिनको हम रूरल आर्टिजन्स कहते हैं। इनमें खाती, लुहार, झीमर, जुलाहे, सुनार आदि हैं। आज उनके सारे धंधे चौपट हो गये हैं। बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज ने उन छोटे कारीगरों का धंधा बिल्कुल चौपट कर दिया है। सरकार ने पिछड़ी जाति के लोगों के सुधार के लिए आज तक न कोई कानून बनाया है और न ही कोई नीतियां बनायी हैं। पिछड़ी जातियों का यह बहुत बड़ा वर्ग है, इस तरफ भी सरकार का ध्यान जाना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं फ्रीडम फाइटर की बात करना चाहता हूं। इस देश में फ्रीडम फाइटर्स के परिवार गिनती के हैं। बहुत थोड़े लोग जिंदा हैं। हमारा कहना है कि उनके बच्चों को उनका उत्तराधिकारी मानकर उनकी पैंशन कन्टीन्यू की जाये क्योंकि वे देश की धरोहर हैं। उनको राट्रीय परिवार घोाित किया जाये। यह मेरी मांग है। ...(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश (हिसार): हरियाणा में पैंशन सबसे ज्यादा दी जाती है। ...(व्यवधान)

श्री किशन सिंह सांगवान : जब आपका नम्बर आयेगा तब आप अपने गुण खुद गा लीजिए। अंत में, मैं आंगवाड़ी वर्कर्स के बारे में कहना चाहता हूं। देश में आंगनवाड़ी वर्कर्स का मामला बहुत गंभीर होता जा रहा है। लाखों आंगनवाड़ी महिला वर्कर्स डेली वेजेज पर काम कर रही हैं। उनको कोई तन्ख्वाह नहीं मिलती, कोई फिक्स वेजेज नहीं मिलते और न ही सिक्योरिटी ऑफ सर्विस है। वे सबसे ज्यादा काम करती हैं। उनसे गवर्नमैंट वर्कर्स से ज्यादा काम लिया जाता है। आज वे एजीटेशन पर हैं। हमारा कहना है कि आंगवाड़ी वर्कर्स को परमानेंट इम्प्लाइज मानकर उनका ग्रेड फिक्स किया जाये। पूरा देश क्रिकेट खेल का दीवाना है जबकि गांव में हाकी और फुटबाल जो नेचुरल गेम है, उसके खिलाड़ी अपने को उपेक्षित महसूस करते हैं। हमारी मांग है कि उन पर भी ध्यान दिया जाये।

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, वर्ा 2007-08 के बजट का मैं समर्थन करता हूं क्योंकि बजट में मुख्य रूप से कृाि पर जोर दिया गया है । क्योंकि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौ0 चरण सिंह साहब कहा करते थे कि देश की उन्नति करना चाहते हो तो खेत और खलिहान में रहने वाले किसानों एवं मजदूरों को मजबूत बना दो तो स्वतः ही देश मजबूत हो जाएगा । परन्तु सरकार का कृाि अनुसंधान पर हजारों करोड रूपया खर्च होने के पश्चात् भी कृाि अनुसंधान से किसानों को ऐसी नई प्रजाति के बीज उपलब्ध नहीं हुए हैं , जिससे हमारे देश के किसानों की पैदावार इतनी अधिक हो जाए कि खेती लाभकारी व्यवसाय बन जाए । उदाहरण के तौर पर चावल एवं धान विश्व की तुलना में भारत में 2.9 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर एवं मिस्र देश में यही पैदावार 9.8 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में 7.83 प्रति मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है ।

£ÉÉ®iÉ BÉEÉ MÉäcÚÆ BÉEÉ =i{ÉÉnxÉ ÉÊ´É¶´É BÉEÉÉÒ iÉÖãÉxÉÉ àÉå 2.71 |ÉÉÊiÉ àÉÉÒÉÊ]ÅBÉE]xÉ |ÉÉÊiÉ cäBÉD]äªÉ® A´ÉÆ 7.58 |ÉÉÊiÉ àÉÉÒÉÊ]ÅBÉE]xÉ |ÉÉÊiÉ cäBÉD]äªÉ® |ÉÉÉÆºÉ àÉå, ºÉÉlÉ cÉÒ ºÉÉlÉ ºÉÆªÉÖBÉDiÉ ®ÉVªÉ +ÉàÉäÉÊ®BÉEÉ àÉå 7.77 |ÉÉÊiÉ àÉÉÒÉÊ]ÅBÉE]xÉ |ÉÉÊiÉ cäBÉD]äªÉ® cè * ÉÊBÉExiÉÖ ´ÉÉÇ 2001-02 ºÉä ãÉMÉÉiÉÉ® MÉå BÉEä =i{ÉÉnxÉ àÉå BÉEàÉÉÒ cÖ<Ç cè *

कपास भारत में 4.64 प्रति मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है एवं चीन में 11.1 प्रति मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर के साथ-साथ ब्राजील में 10.96 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर , यहां तक कि पाकिस्तान में भी 7.6 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है ।

मुख्य तिलहन भारत में 0.86 ् मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर एवं जर्मनी में 4.07 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में 2.61 है । तिलहन के उत्पादन में 15.7% की गिरावट आई है । इस प्रकार हमारे आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट में दर्शाये गए आंकड़ों को ही हमारे अनुसंधान वैज्ञानिकों

---

* The speech was laid on the Table

के द्वारा कई हजार करोड़ रूपए व्यय करने के पश्चात भी अन्य देशों की तुलना में प्रति हेक्टेशर हमारा उत्पादन क्यों नहीं बढ़ा ? अर्थात् इसे बढ़ाये जाने पर हमको अत्यधिक ध्यान देना चाहिए ।

देश में दालें, तिलहन एवं मोटे अनाजों को पैदा करने वाले क्षेत्रों में किसानों को अत्यधिक सुविधा देकर उनके उत्पादन बढ़ाए जाएं, जिससे दालों एवं खाद्य तेलों का आयात न करना पड़े ।

=i{ÉÉnxÉ àÉå 17± BÉEÉÉÒ ´ÉßÉÊr nä¶É BÉEä MÉxxÉÉ =i{ÉÉnxÉ BÉE®xÉä ´ÉÉãÉä BÉßÉEÉBÉEÉå uÉ®É nÉÒ MÉ<Ç cè, ÉÊVÉxcå ÉÊBÉEºÉÉÒ |ÉBÉEÉ® BÉEÉÉÒ £ÉÉÒ ºÉcÉªÉiÉÉ ºÉ®BÉEÉ® uÉ®É xÉcÉÓ nÉÒ MÉ<Ç cè * MÉxxÉÉ =i{ÉÉnxÉ àÉå ªÉÉÊn càÉÉ®ä +ÉxÉÖºÉÆvÉÉxÉ BÉEäxp BÉEä ´ÉèYÉÉÉÊxÉBÉE àÉäcxÉiÉ A´ÉÆ ãÉMÉxÉ ºÉä ¶ÉÉävÉ BÉE®å iÉÉä ªÉc ´ÉßÉÊr 100± iÉBÉE £ÉÉÒ cÉä ºÉBÉEiÉÉÒ cè * MÉxxÉÉ =i{ÉÉnxÉ BÉE®xÉä ´ÉÉãÉä ÉÊBÉEºÉÉxÉÉå BÉEÉä £ÉÉÒ =xÉBÉEä =i{ÉÉnxÉ BÉEÉ àÉÚãªÉ {ÉÚ®É ÉÊàÉãÉxÉÉ SÉÉÉÊcA, ÉÊVÉºÉºÉä £ÉÉÊ´ÉªÉ àÉå ªÉc =i{ÉÉnxÉ BÉEàÉ xÉ cÉä *

इस बजट में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अधीन 9 लाख हेक्टेयर सहित 24 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने की योजना रखी गई है । यह किसान को मजबूत बनाने की सराहनीय योजना है । आवश्यकता इस बात की है कि हमारी योजनाओं का कार्यान्वयन कितना प्रतिशत मौके पर बिना किसी विलम्ब के किया जा रहा है । ऐसे खेत जिन पर नहरों के माध्यम से पानी नहीं पहुंचाया जा सकता है । इन क्षेत्रों में सरकार अनुदान देकर एवं सरकारी खर्चे पर विद्युत टयूबवैल लगाया जाना आवश्यक है । किसानों के विद्युत की आपूर्ति उनकी आवश्यकतानुसार मुहैया होनी चाहिए, अन्यथा 34 रूपए प्रति लीटर डीजल से अपनी फसल को बचाने के लिए सिंचित करने पर वह फसल कभी लाभकारी नहीं होगी । उर्वरक सब्सिडी 22453 करोड़ रूपए आपके द्वारा सीधे किसानों को दिए जाने का सराहनीय कदम है ।

कृाि बीमा योजना में खरीफ एवं रबी की फसल के लिए 500 करोड़ रूपए की योजना रखी गई है । यह बीमा गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को भी मिलनी चाहिए । कृाकों को दिए जाने वाला ऋण ब्याज की दर 7% से हटाकर 4% किए जाने की आवश्यकता है ।

उपरोक्त सभी तथ्यों पर यदि हम गंभीरता से विचार करेंगे और जिस दिन कृाि को हम लाभकारी व्यवसाय बनाए जाने में कामयाब हो जाएंगे तो मैं समझता हूं कि हमारा घरेलू कृाि उत्पादन अवश्य बढ़ेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में चाहे शिक्षा एवं सर्वशिक्षा अभियान के लिए जो बजटीय आबंटन रखा गया है, उसकी निगरानी की सख्त आवश्यकता है । हमारे द्वारा प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों में भवनों का तो निर्माण किया गया है। परन्तु शिक्षा ग्रहण कराने वाले अध्यापकों की नियुक्ति बच्चों के अनुपात अनुसार नहीं की गई है, जिससे शिक्षा पर होने वाला व्यय का अधिकाशं भाग व्यर्थ जाता है । भवन निर्माण के साथ-साथ शिक्षकों की नियुक्ति भी अति आवश्यक है ।

इस बजट में 750 करोड़ रूपए छात्रवृत्ति के रूप में 1 लाख बच्चों को 6 हजार रूपए प्रति वा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं को बच्चों की प्रतियोगिता के माध्यम से जो योजना रखी गई है, मैं इस योजना को गरीब बालिकाओं के लिए दिए जाने का समर्थन करता हूं , जिससे गरीब एवं निर्धन वर्ग के बच्चों में शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ सके ।

राट्रीय रोजगार गारंटी में 330 जिलों के लिए 12000 करोड़ रूपए का आबंटन किया गया है । देश के बाकी जिलों के लिए सम्पूर्ण ग्रामीण योजना के अर्न्तगत केवल मात्र 2800 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि व्यावहारिक नहीं है, जिसे दोगुना किए जाने की आवश्यकता है ।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी के लिए शिक्षित नौजवानों के लिए कोई विशो पैकेज सरकार द्वारा नहीं रखा गया है, जिसको दिए जाने की आवश्यकता है ताकि जिससे शिक्षित बेरोजगार जुर्म के रास्ते की ओर न जाएं ।

अनुदान के लिए वा 2007-08 में 54,330 रूपए का बजट रखा गया है । उस अनुदान को कैरोसिन, गेहूं, चावल आदि के माध्यम से न देकर सीधा-सीधा गरीब परिवारों को दिए जाने की आवश्यकता है । अन्यथा अनुदान भ्रटाचार की भेंट चढ़ जाता है और जो धन प्रवाह में आना चाहिए, काले धन के रूप में इकट्ठा होता है ।

इससे हमारे द्वारा जो अनुदान जिन गरीबों के नाम से निकाला जा रहा है, उनको सीधा-सीधा प्राप्त होगा एवं देश की उन्नति बढ़ेगी । आशा है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखेंगे, इसके साथ ही मैं आपके बजट प्रस्ताव का पुनः समर्थन करता हूं ।

-

श्रीमती सुशीला केरकेटा (खूँटी): सभापति महोदय, आपने मुझे वा 2007-08 के सामान्य बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ।

महोदय, सर्वप्रथम मैं माननीय वित्तमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं और उनके बजट का समर्थन करती हूं। माननीय वित्तमंत्री जी ने आम आदमी के हित को ध्यान में रखकर उन्हें राहत पहुंचाने के लिए प्रयास किया है। वा 2007-08 के बजट में उन्होंने भारत निर्माण जैसा अग्रगामी कार्यक्रम, 11वीं पंचवाीय योजना के अंतर्गत कृाि निवेश, आधारभूत संरचना, उद्योग, सेवा क्षेत्र, वित्तीय क्षेत्र, रक्षा व्यय, लोकहित आदि सभी क्षेत्रों में आवंटन की वृद्धि की है। इससे हम और भी अधिक काम कर सकते हैं। मैं शिक्षा के बारे में माननीय वित्तमंत्री जी की सराहना करती हूँ और कहना चाहती हूँ कि वित्तमंत्री जी ने शिक्षा को इस बजट में काफी महत्वपूर्ण स्थान दिया है। चूंकि शिक्षा के बिना हम कोई भी विकास का कार्य नहीं कर सकते हैं, हम हजारों रूपए आवंटित करें, लाखों राशियां दें, लेकिन जब तक लोगों को शिक्षित नहीं बनाएंगे, हम उनका विकास नहीं कर सकते हैं। शास्त्रों में भी कहा गया है कि :

विद्या ददाति विनयं, विनयां दाति पात्रताम। पात्रत्वाद धनमाप्नोति, धनाःधर्मः तत :सुखं।।

महोदय, यह सर्वथा सत्य है कि हमारे वित्तमंत्री जी ने ऐसे राट्र की कल्पना की है जिसमें हर व्यक्ति सुखी हो और इसके लिए शिक्षा के क्षेत्र में आवंटन हर तबके के लोगों के लिए, हर स्तर पर काफी कुछ दिया है। आप देखेंगे कि शिक्षा के क्षेत्र में आवंटन के लिए उन्होंने 32,350 करोड़ रूपए की राशि का प्रस्ताव रखा है और उसके बाद हम देखेंगे कि सर्वशिक्षा अभियान में उन्होंने 10,671 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा है। सर्वशिक्षा अभियान में हमारे वित्तमंत्री जी ने क्रमशः हर स्तर के लोगों के लिए प्रावधान रखे हैं। सबसे पहले हम देखते हैं कि हर गांव में दो से तीन वा के बच्चों के लिए उन्होंने विद्यालय का प्रावधान किया है जिसमें एक शिक्षिका और सहायक छोटे-छोटे बच्चों को अक्षर का ज्ञान करवाती हैं, उनको गाना सिखाती हैं, वहां कम से कम उन्हें कुछ सिखलाती हैं। ये स्कूल ठीक किण्डरगार्टेन स्कूलों की तरह काम करते हैं। यह कार्यक्रम हमारे गांवों में चल रहा है। महिलाओं को वे शिक्षिकाएं स्वास्थ्य के सम्बन्ध में बतलाती हैं। इस क्षेत्र में, सर्वशिक्षा अभियान के अन्दर हमारे वित्तमंत्री जी ने 20000 अध्यापकों की नियुक्ति इस साल करने का वादा किया है। यह रोजगार के क्षेत्र में बहुत बड़ी

उपलब्धि है। इसके साथ ही दो लाख शिक्षकों की नियुक्ति और पांच लाख कमरों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है। मध्यान्ह भोजन के क्षेत्र में प्राइमरी क्लास के बच्चों के लिए और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के बच्चों के लिए 3,427 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गयी है। उच्च प्राइमरी कक्षा के बच्चों के लिए 7,324 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। प्रत्येक प्राइमरी स्कूल में तीन-तीन शिक्षकों की व्यवस्था की गयी है और उसमें एक शर्त है कि एक शिक्षक विज्ञान का रहेगा। ग्राम सभा के माध्यम से ये शिक्षक चुने जाते हैं, लेकिन मैं सोचती हूँ कि प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान के शिक्षकों की उतनी आवश्यकता नहीं है जैसे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में है।[R19] इसलिए मैं मानव संसाधन [R20]विकास मंत्रालय से अनुरोध करूंगी कि इस ओर विशो ध्यान दिया जाए।

सभापति महोदय : कृपया समाप्त करें, क्योंकि अभी 50 माननीय सदस्य और बोलने वाले हैं। इसलिए समय का सब ध्यान रखें।

श्रीमती सुशीला केरकेटा : मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगी। बजट में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों के लिए तो प्रावधान है ही, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए भी वित्त मंत्री जी ने प्रावधान किया है। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए तीन प्रकार की छात्रवृत्ति की बात की गई है। मैट्रिक पूर्व छात्रों, मैट्रिकोत्तर और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए क्रमशः 72 करोड़ रुपए, 90 करोड़ रुपए और 4860 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं, उनके लिए कई अन्य कार्यक्रमों के लिए भी राशि का आबंटन किया गया है।

13.06 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

मैं कहना चाहती हूं कि हमारे वित्त मंत्री जी ने अपने बजट में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए जब इस तरह का प्रावधान किया, तो विपक्ष के साथियों को बिजली छू गई। वे इस बात से उत्तेजित हो गए और कहने लगे कि यूपीए सरकार और कांग्रेस पार्टी हमेशा मुस्लिम तुटिकरण की नीति अपनाती है और समाज को दो भागों में बांटने की कोशिश करती है। मैं कहना चाहती हूं कि यह मुस्लिम तुटिकरण की प्रक्रिया नहीं है और न ही समाज को बांटने की प्रक्रिया है। आप बिहार और झारखंड आदि राज्यों में देखें कि वहां अल्पसंख्यकों की स्थिति काफी दयनीय है। उनके बच्चे धनाभाव के कारण ठीक से पढ़ नहीं पाते हैं। इसलिए कोई बच्चा किसी गैराज में काम करता है या कोई बच्चा सब्जी मार्केट में छोटी-मोटी दुकान चलाकर अपना रोजगार करता है। इसलिए यह इल्जाम लगाना कि तुटिकरण की नीति है, सही नहीं है। वित्त मंत्री महोदय ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए समता के आधार पर यह कार्यक्रम रखा है।

मैं महिलाओं के बारे में भी कुछ कहना चाहती हूं। इस बजट में उन्हें भी आगे बढ़ाने के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। करीब 50 मंत्रालयों में जैंडर बजट कक्ष का निर्धारण किया गया है और समाज की 30 प्रतिशत महिलाओं के लिए 22,382 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कामकाजी महिलाओं को आयकर में डेढ़ लाख रुपए की छूट दी गई है, जो कि वित्त मंत्री जी की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रावधान है।

विपक्ष के साथी कहते हैं कि यह बजट जन साधारण के लिए नहीं है। लेकिन आप देखें कि इस बजट में राजीव गांधी विद्युत परियोजना या राजीव गांधी स्वच्छ पेयजल योजना आदि योजनाएं जन साधारण के लिए ही तो हैं। अगर हम थोड़ी सी मदद करें तो हम गांवों में हर घर में बिजली पहुंचा सकते हैं। मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि झारखंड में यह योजना काफी धीमी गति से चल रही है इसलिए इसे तीव्रता से चलाने की आवश्यकता है। रांची में और पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के लिए आबंटित धनराशि अभी तक नहीं पहुंची है। हमें इसकी चिंता है। इसलिए इसे जल्द से जल्द वहां दिया जाना चाहिए।

राजीव गांधी स्वच्छ पेयजल योजना के तहत किसी भी ग्रामीण व्यक्ति को आधा किलोमीटर से अधिक दूर स्वच्छ पानी के लिए नहीं जाना पड़ेगा। यह एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसकी कोई चर्चा नहीं करता है। सूचना के अभाव में ग्रामीण लोग इसे जान नहीं पाए हैं। इसलिए हमारा फर्ज है और पदाधिकारियों का भी फर्ज है कि वे इसे गांवों में जाकर लोगों को बताएं।

राट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के सम्बन्ध में विपक्ष के साथियों ने कहा कि यह योजना सही रूप से क्रियान्वित नहीं हो रही है। लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि ऐसी बात नहीं है। झारखंड में यूपीए सरकार के आते ही इस योजना के लिए अलग से विभाग गठित किया गया है। उसमें अलग से सचिव की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 55,000 लोगों की नियुक्ति इसके लिए की जा रही है, ताकि सही ढंग से यह योजना और चल सके।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक-दो बातें और कहना चाहती हूं। इंदिरा आवास योजना में जो पैसा मिलता है वह बहुत कम मिलता है। शहरी विकास से संबंधित अम्बेडकर योजना में 50 हजार रुपये मिलता है जबकि देहात में 25 हजार रुपये मिलते हैं। इसकी राशि को बढ़ाया जाए ताकि सभी लोग अपना घर बना सकें। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं और माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने जो बजट रखा है वह हमारे कल्याण के लिए रखा है।

MR. CHAIRMAN : Now, I will have to make an announcement that there are about 50 speakers, hon. Members, who have given their names to speak. If you take so much time, many of these speakers may not get time. Those hon. Members who are prepared to give their written speeches, they can be laid on the Table of the House so that much time can be saved. I expect the cooperation of all Members who are here. The maximum time that can be allotted to every Member who is speaking will be five minutes. I will be very strict, and the hon. Member concerned can speak only for five minutes. In this particular event, as a special case, she was given such time, but for others, I cannot give such time. Please cooperate with the Chair. Let us make an earnest effort to see that the discussion is concluded at the appropriate time so that the Demands for Grants and also the Minister's reply can be taken up.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, you should allow only those Members who keep sitting in the House.

MR. CHAIRMAN: The Members have given their names. I fully agree with you on this. If I take only the Members who are present in the House, I think I can finish the business within an hour. There is a list of 50 speakers before me, and 22 of them are from the Congress. None of them is present, and that is the position. Now, I would request Dr. Sebastian Paul to take only five minutes for his speech.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, माननीय वित्तमंत्री जी ने र्वा 2007-08 का अर्थ संकल्प (बजट) अत्यंत ही विचारपूर्ण तरीके से इस बात को ध्यान में रखकर बनाया है कि सामान्यतः बजट को लोग अच्छा कहें, किन्तु इसकी गहराई में जाने से वस्तुस्थिति सामने आती है, कई गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। मैं बजट में प्रस्तुत आंकड़ों की ओर नहीं जाना चाहता हूँ क्योंकि उनके जरिए माननीय वित्तमंत्री जी ने एक आर्काक चित्र प्रस्तुत करने का असफल प्रयास किया है। घोाणाएं भी कई की गयी हैं। इसके पूर्व वित्तीय र्वा में भी इसी प्रकार की घोाणाएं की गयी थीं, जिनकी धरातल पर क्या स्थिति है? आम आदमी जानता है। समाचार पत्रों ने इस बजट पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं किन्तु कुल मिलाकर इसे आम आदमी का बजट नहीं कहा है। न इससे विशो खुशी हुई है, न गम को कम करने की स्थिति है। भारत एक परमाणु शक्ति सम्पन्न राट्र है, विश्व में आज उसकी स्थिति सुदृढ़ है। यद्यपि हमने काफी आर्थिक प्रगति की है फिर भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। क्या हम एक स्वावलंबी राट्र बनने की दिशा में अग्रसर होते हुए आम आदमी के सर्वांगीण विकास की पृठभूमि में अपना दायित्व निभा पाए हैं? यह एक प्रश्नचिन्ह है। आम आदमी सुखी हो, परस्पर सौमन्य व सौहार्द हो हम अपने वसुधैव कुटुम्बकम को सार्थक कर सकें तभी भारत सबसे अग्रणी देश हो सकता है।

माननीय वित्तमंत्री महोदय ने वर्ा 2007-08 का अर्थ संकल्प प्रस्तुत किया है और उसमें विकास की दिशा में प्रयत्नों का उल्लेख भी किया है। मुद्रास्फीति और वार्िक आर्थिक बढ़ोत्तरी का भी जोरदार ढंग से उल्लेख किया है, किंतु इसे आम आदमी की पृठभूमि में भी देखा जाना आवश्यक है। आम आदमी के सर्वांगीण विकास की और क्या हमारी योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने में सफल रहे हैं ? शिक्षा, स्वास्थ्य और कृि क्षेत्र में अभी भी बहुत कुछ किया जाना अपेक्षित है। इस दृटि से बजट में शिक्षा, कृि व स्वास्थ्य को महत्व देते हुए बजटीय आवंटन के गत वर्ा की अपेक्षा वृद्धि की है जो अनिवार्य थी। ग्रामीण विकास की भी चर्चा जहां की गयी है, वहां रक्षा क्षेत्र को भी लिया गया है।

किन्तु आज महत्वपूर्ण चिंता का विाय महंगाई है जिसकी चपेट में आम आदमी है। उसको जितनी भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, नहीं लिया गया है? महंगाई के कारणों पर भी हमें विचार करना पड़ेगा। आज आम आदमी की आय महंगाई के अनुपात में कितनी बढ़ी है। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ी हैं। व्यय के अनुपात में आय नहीं बढी है। असंतुलन इसी वजह से है। गरीब और अमीर लोगों के जीवन स्तर में कितना अंतर है, आज गरीबी और अमीरी की खाई में अंतर बढ़ा है। गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों का प्रतिशत हम कम नहीं कर पाए हैं। पूंजी का प्रभाव बढ़ा है। छोटे आयकरदाताओं को केवल 10,000 रूपए की बढ़ोत्तरी ने निराश किया है। वहीं सेवाकर का दायरा बढ़ाकर प्रकारान्तर से आम आदमी पर बोझ ही डाला है।

ग्रामीण विकास के लिए पहले से चल रहे भारत निर्माण कार्यक्रम के लिए बजट आबंटन अलबत्ता 31.6 फीसद जरूर बढ़ा दिया। आपने बजट में शिक्षा के लिए 34 प्रतिशत और स्वास्थ्य के लिए 21.9 प्रतिशत वृद्धि कर दी है। आर्थिक मोर्चे पर सरकार के प्रदर्शन से मंत्री महोदय इस कदम आत्ममुग्ध दिखे कि अर्थव्यवस्था की गतिशीलता पर ध्यान देना ही भूल गए। बजट में आम आदमी की चिंता सिर्फ बातों तक ही सीमित रखी है, बजट में उसे खास तवज्जो नहीं दी है।

अर्थव्यवस्था की अच्छी तस्वीर प्रस्तुत की गयी है और दावा किया है कि सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 8.1 तथा मुद्रास्फीति नहीं बढ़ेगी। औद्योगिक उत्पादों पर सीमा शुल्क की उच्चतम दर से घटाकर कम की है जिससे घरेलू उत्पाद प्रभावित होगा और प्रतिस्पर्धा में कठिनाई खड़ी होगी। बजट में राट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का विस्तार से वर्णन किया गया है, राट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं शहरी नवीकरण जैसी घोाणाएं भी हैं। सर्वशिक्षा अभियान में आवंटन बढ़ाया गया है। अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है जो वर्तमान में मांग के अनुपात में काफी कम है। राजीव गांधी राट्रीय पेयजल योजना मिशन हेतु आवंटन बढ़ाया है किन्तु गांवों को शुद्ध पेयजल की आवश्यकता व ग्रामीण जनसहयोग की तुलना में यह राशि काफी कम है। यद्यपि वित्तमंत्री महोदय ने शिक्षा और स्वास्थ्य को भारत निर्माण की घोाणा के परिप्रेक्ष्य में काफी महत्व दिया है, प्राथमिकता भी दी है, किंतु तद्नुसार कार्य योजना प्रस्तुत नहीं की है।

यह सही है कि राट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों (65 वर्ा से ऊपर की आयु) के लिए सहायता राशि 75 रूपए प्रतिमास से बढ़ाकर 200 रूपए प्रतिमास की हे, इससे निश्चित ही वृद्धजनों को सामान्य राहत मिलेगी, किंतु यह राशि न्यूनतम 500 रूपए की जानी थी।

कृि क्षेत्र की चर्चा करते हुए विशो जोर दिया जाकर आवंटन बढ़ाया है, किंतु आज स्थिति क्या है? खेती योग्य जमीन का बहुत भाग सिंचाई से वंचित है। यद्यपि जल संवर्द्धन योजनाओं का जिक्र किया गया है किंतु आवंटित राशि काफी कम है। यह बात औद्योगिक विस्तार कि बाद उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी इसके पूर्व भी कृि पर आज भी 65 से 70 प्रतिशत लोगों की आजीविका निर्भर है। किसान को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान कृि में लगातार हो रहे घाटे या कृि के अलाभकारी होने के कारण आत्महत्या कर रहा है। इस दृटि से देश के पिछड़े किंतु कृि क्षेत्र बहुत राज्यों पर और अधिक ध्यान देना जरूरी है जिनमें प्रमुखतः मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश व छत्तीसगढ़ प्रमुख है। एक ओर दूसरा पहलू भी है कि गांवों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। गांव वाले शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। शहरों की आबादी बढ़ रही है। वहां रहने का स्थान नहीं है। नौकरियों या काम की व्यवस्था नहीं है, फलतः शहरों की जिंदगी भी अव्यवस्थित रही है। झुग्गी-झोपड़ियों की निरंतर बढ़ती संख्या भारत के भावी भाग्यविधाता बालकों को नारकीय जीवन व्यतीत करना पड़ता है। शहरों और कस्बों में, गंदेनाले के पास जीवन, पर्यावरण की बढ़ती समस्या, काम के अभाव में असामाजिक वृत्ति, चोरियां, डकैतियां, अपहरण आदि शिक्षा का अभाव व चिकित्सा सुलभ नहीं है। सरकारी लाभ उन क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाता है। भारत निर्माण की कल्पना बहुत श्रेठ है लेकिन बहुत कुछ किया जाना है।

बेरोजगारी दूर करने की दृटि व उस पर काबू पाने की दृटि से उठाए जाने वाले कदम और इस दृटि से बजटीय आवंटन बहुत कम है। इससे बेकारी व बेरोजगारी पर नियंत्रण संभव नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता अपर्याप्त है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजटीय आवंटन विचारणीय है, विशो रूप से भारतीय चिकित्सा पद्धतियां जैसे आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी के प्रोत्साहन कि लिए केंद्रीय बजट आवंटन सर्वथा नगण्य है।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों की चर्चा करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्यानुसार कुठ व पोलियो के उन्मूलन को कहा गया है किंतु अभी पूर्णरूपेण नियंत्रण नहीं हुआ है। अतः इस हेतु अधिक धनराशि व प्रयास की आवश्यकता होगी। कृि क्षेत्र के लिए वर्तमान वैश्विक स्थिति व प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में कृि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दृटि से सुधार व कृाकों के हितों की रक्षा की दृटि से बजटीय आवंटन सर्वथा नगण्य है। विद्युत उत्पादन की दृटि से आवंटन राशि सर्वथा कम है। इससे आवश्यकता की पूर्ति भी संभव नहीं है, और कमी भी यथावत बनी रहेगी। खपत की दृटि से उत्पादन अपर्याप्त है। आज मांग के अनुपात में बिजली का उत्पादन लक्ष्य से काफी पीछे है। 12 प्रतिशत से भी कम है। अपारम्परिक वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का दोहन भी योग्य रीति से तथा अधिक धनराशि व्यय नहीं की जा रही है।

आम आदमी बीमा योजना अच्छी योजना है, लेकिन आवंटन आनुपातिक दृटि से कुछ नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की दृटि से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु आवंटित धनराशि बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। आज भी कई ऐसे राज्य हैं, जहां कई किलोमीटर जाने पर भी अच्छे मार्ग नहीं हैं। गांवों की स्थिति अभी भी ठीक नहीं है। वर्ा के दिनों में या अन्यथा गांव वालों की परेशानी यथावत है।

उद्योग जगत ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निराशा जताई है। उद्योग जगत को उम्मीद थी कि मोटर - कारों पर उत्पादन शुल्क चरणबद्ध तरीके से घटाया जाएगा तथा बिक्रीकर में भी राहत देने की उम्मीद की थी। इसी प्रकार एफबीटी वापस लिए जाने और उपकर समाप्त किए जाने की भी प्रतीक्षा थी। कारपोरेट सैक्टर भी बजट से अधिक खुश नहीं है।

जैसा कि मैंने पूर्व में कहा है आयकर में मामूली रियायत से मध्य वर्ग निराश हुआ। लोगों को उम्मीद थी कि वित्त मंत्री बचत को प्रोत्साहन की दृटि से आयकर की सीमा में वृद्धि करेंगे, ताकि आम आदमी बचत के लिए प्रोत्साहित हो।

खाने का तेल और कच्चे तेल के आयात शुल्क में कमी कम कर यद्यपि घरेलू आपूर्ति को नजर में रखा गया है, किंतु इससे स्वदेशी तेल उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्य ऐसे हैं, जहां विशो ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दृटि से जम्मू-कश्मीर को अधिक सहायता देने के साथ पूर्वोत्तर राज्यों को विकास हेतु समुचित राशि उपलब्ध करायी जाए, ताकि वे यह महसूस कर सकें कि केंद्र ने उनके साथ न्याय किया है, क्योंकि वहां के सांसद बार-बार उपेक्षा की शिकायत करते रहे हैं।

यद्यपि विदेशी व्यापार के संकेत अच्छे हैं, किंतु चीन, जापान और कोरिया से प्रतिस्पर्धा में खड़े हैं। उनमे सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी चीन है। हम विशो रूप से चीन के स्पर्धी हैं, इसलिए हमें पूर्व एशिया और चीन के समान निवेश में तेजी लाना है।

---

* The speech was laid on the Table.

अनुसूचित जाति और जनजातियों के यद्यपि कतिपय विशो प्रावधान किए गए हैं तथापि उन पर अधिक ध्यान दिया जाना अपेक्षित है और उस दृटि से आवंटन में वृद्धि हो।

ग्रामीण विकास की दृटि से क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक व अधिसूचित बैंकों पर अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही ग्रामीण अधोसंरचना में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, स्वजलधारा योजना, ग्रामीण विद्युतीकरण, जल संवर्धन योजना तथा फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी हितकारी योजनाएं, किसानों और ग्रामीणों को विकास में कदम से कदम मिलाकर चलने हेतु चलायी गयी थी, किंतु आज उन पर और अधिक धनराशि व्यय किए जाने की जरूरत है। गांव-गांव से सड़कें जुड़ें, गांवों में शुद्ध पेयजल हो, शिक्षा हो, रोजगार के अवसर हों, स्वास्थ्य सेवायें हों।

सरकार द्वारा राजस्व वृद्धि को तो ध्यान में रखा गया है, किंतु विदेशी व्यापार पर तद्नुरूप ध्यान नहीं दिया गया है। इसलिए निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं लागू की जाएं, जिससे हमारा निर्यात बढ़ सके। निर्यात क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएं हैं, जैसे रत्न, रत्नाभूाण और कपड़ा आदि। बंद या रूग्ण उद्योगों के पुनर्जीवन की आवश्यकता है। एनडीए सरकार द्वारा उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयास किए गए थे, उनको जारी रखा जाए।

औद्योगिक नगरों का विकास तो हो रहा है, किंतु ग्रामीण उद्योग मुख्यतः खादी व हस्तशिल्प के प्रोत्साहन की बड़ी आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी किसानों की स्थिति के साथ गांवों की स्थिति सुधारने में सहायक हो सकेंगे। इन पर विशो बल नहीं दिया गया है। जवाहर लाल नेहरू शहरी योजना के द्वारा कुछ चिन्हित नगरों को लाभ मिल रहा है, उसका क्षेत्र बढ़ाया जाए और कतिपय विशिट नगरों को भी उसमें जोड़ा जाए।

शहरों की बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां चाहे कपड़ा मिलें हों, चीनी मिलें हों, सीमेंट के कारखाने हों या छोटे मझोले उद्योग निरंतर घाटा उठा रहे हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हम बहुत पीछे हैं। वैश्विक बाजार का दायरा बढ़ रहा है। आधुनिकीकरण में हम पीछे हैं। कई औद्योगिक क्षेत्रों नयी तकनीक से दूर हैं। किसान परेशान है, गांव के लोग परेशान हैं, शहरों की दयनीय स्थिति है। किसान आत्महत्या क्यों कर रहा है? यह विचारणीय प्रश्न है। मजदूर भूख से दम तोड़ रहा है। रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन के रोजगार की घोाणा की है, किंतु वास्तविकता के धरातल पर खरा उतारना है। किसान के खेत पर पानी, बिजली, नौजवानों को रोजगार, शिक्षा चिकित्सा व आवास का समुचित प्रबंध हो। अट्टालिकाओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन गरीब की झोपड़ी पर छप्पर भी पूरा नहीं है। कैसे होगा भारत निर्माण?

अतः जरूरी है कि ˝ स्वदेशी ˝ योजनाएं लागू हों, ˝ स्वदेशी ˝ पर जोर दें। गांधी व दीनदयाल के सपनों का भारत, स्वावलंबी भारत तभी बन सकेगा।

दिल्ली मुंबई, कोलकाता, बंगलौर, पूना, हैदराबाद, जयपुर, सूरत, अहमदाबाद जैसे शहरों की चकाचौंध देखें और शो नगरों व भारत की तस्वीर को देखें, तो अंतर स्पट हो जाता है।

अंत में मैं अपनी बात संक्षेप में रखना चाहता हूं। मध्य प्रदेश कृिा प्रधान प्रदेश है। वहां खनिज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आदिवासी जनसंख्या बहुल होने के कारण औद्योगिक विस्तार व कृिा उन्नयन हेतु विशो पैकेज द्वारा जैसा कि कतिपय राज्यों के लिए विशो पैकेज रखा गया है, इस राज्य को भी सहायता देकर आगे बढ़ाया जा सकता है। यद्यपि शहरी जल आपूर्ति के लिए पूर्वापेक्षा अधिक रूपया दिया गया है, तथापि अन्य क्षेत्रों में भी विकास हेतु केंद्र से मदद की आवश्यकता है, ताकि मध्य प्रदेश भी राट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर सके।

इस दृटि से संपूर्ण बजट का आकलन आवश्यक है, अन्यथा हमारा विकास का सपना अधूरा रहेगा।

